FA	2

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : पहली | विषय : हिंदी

PAPER CODE : 1011 | पूर्णांक : 10

निर्देश –

1. खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।
2. गतिविधियों में दिए गए चित्र के समरूप अन्य चित्रों का प्रयोग करके भी गतिविधि संपन्न करवाई जा सकती है।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO – L -105 - चित्र के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं पर बारीक अवलोकन करते हैं।

गतिविधि 1 – बताओ जरा चित्र में क्या–क्या देखा ?

निर्देश –

1. प्रत्येक बच्चे को अलग–अलग बुलाकर चित्र के संबंध में पूछें।
2. बच्चों को अपने अनुभवों को साझा करने के लिए बच्चों को हिन्दी भाषा या स्थानीय भाषा का इस्तेमाल करने की स्वतंत्रता दें।
3. शिक्षक दिए गए चित्र के स्थान पर अन्य चित्र का भी प्रयोग कर सकते हैं।
4. प्रत्येक बच्चे को 05 मिनट का समय दें।
5. सौहार्दपूर्ण वातावरण में शिक्षक धैर्यपूर्वक बच्चों का मूल्यांकन करें।

गतिविधि 2 – चित्र देखें और अपनी बात कहें –



निर्देश –

1. दी गई गतिविधि को कराने के लिए कुछ प्रश्न इस प्रकार पूछे जा सकते हैं जैसेः–
    i. यह चित्र किस जगह का हो सकता है?
    ii. चित्र में क्या–क्या दिख रहा है?
    iii. बच्चे कहाँ जा रहे होंगे?
    iv. बच्चों ने क्या–क्या पहना है?
    v. बच्चे स्कूल से घर कैसे जाएँगे?

2. बच्चे अपने बस्ते में क्या–क्या सामान रखे होंगे?
3. शिक्षक दिए गए चित्र के स्थान पर अन्य चित्र का भी प्रयोग कर सकते हैं।
4. मौखिक अभिव्यक्ति के लिए बच्चों को उनकी हिन्दी भाषा या स्थानीय भाषा के प्रयोग करने की स्वतंत्रता दें।
5. प्रत्येक बच्चे को 05 मिनट का समय दें।
6. शिक्षक सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाकर धैर्यपूर्वक बच्चों का अलग–अलग बुलाकर मूल्यांकन करें।

गतिविधि 3 – चित्र देखो, अंतर बताओ –

व्यक्तिगत कार्य –

चित्र (A) **चित्र (B)**

निर्देश –

1. शिक्षक बच्चों को चित्र दिखाकर दोनों चित्रों (A) और (B) में पाँच अंतर खोजने को कहें।
2. दिए गए चित्र के स्थान पर इस तरह अंतर खोजने वाले अन्य चित्र का भी प्रयोग कर सकते हैं।
3. बच्चों को उनकी मातृभाषा या स्थानीय भाषा का प्रयोग करने की स्वतंत्रता दें।
4. सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाकर शिक्षक धैर्यपूर्वक बच्चों का मूल्यांकन अलग–अलग बुलाकर करें।
5. प्रत्येक बच्चे को 05 मिनट का समय दें। सही अंतर बताने पर 01 अंक दें। अधिकतम अंक 05 है।

खण्ड – 'ब' (अंक 05)

LO– L-103 - भाषा में निहित ध्वनियों और शब्दों के साथ खेलने का आनन्द लेत हैं; जैसे – इन्ना, बिन्ना, तिन्ना।

गतिविधि 1 – आओ खेलें–

व्यक्तिगत कार्य –

शिक्षक बच्चों को कोई एक 'शब्द' बोलें और बच्चों को निर्देश दें कि उस बोले गए शब्द के अंतिम अक्षर से शुरू होने वाला कोई 'शब्द' बच्चों को बोलना है।

जैसेः– आलू, लालू, लड़की, कागज आदि।

निर्देश –

1. इस गतिविधि को एक खेल की तरह करवाएँ। इस हेतु बच्चों को गोल घेरा बनाकर बैठने को कहें। शिक्षक घंटी/थाली बजाते रहें जब तक बच्चे डस्टर या रूमाल/कागज के गेंद एक दूसरे को बढ़ाते रहें (पास करते रहें) जैसे ही घंटी बजने की आवाज बंद हो जाए और जिस बच्चे के हाथ में डस्टर, (रूमाल, गेंद) हो वह बच्चा शिक्षक द्वारा बोले गए 'शब्द' के अंतिम अक्षर (ध्वनि) से शुरू होने वाला शब्द बताएँ।
2. शिक्षक 'शब्द' की जगह 'नाम' का प्रयोग करें। जैसे– मै तुम्हें कोई एक 'नाम' (शब्द) बोलती हूँ। तुम्हें इस 'नाम' (शब्द) की आखिरी **'आवाज़'** से शुरू होने वाला कोई शब्द बताना है।
3. शिक्षक स्थानीय भाषा के शब्दों का प्रयोग कर सकते हैं।
4. बच्चे यदि शब्द के अंतिम अक्षर से अगले 5 शब्द बता पाए तो पूरे अंक दिये जावें।
5. शिक्षक सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाकर एवं धैर्यपूर्वक बच्चों का मूल्यांकन करें।

गतिविधि 2 – तुक मिलाओ, आगे बढ़ाओ

व्यक्तिगत कार्य –

शिक्षक बच्चों को सर्वप्रथम गोल घेरे में बैठाएँ। उन्हें स्पष्ट निर्देश दें कि उनके (शिक्षक) द्वारा बोले गए 'शब्द' की **पहली आवाज** को बदलकर उस 'शब्द' जैसा तुक मिलाते हुए अन्य शब्द बताएँ।

जैसेः– सोना, खोना, रोना, बोना .... आदि।

निर्देश –

1. वे इस खेल हेतु खिलौनों के नाम, किसी वस्तु का नाम, किसी स्थान का नाम प्रयोग कर सकते हैं।
2. शिक्षक स्थानीय भाषा के शब्दों का भी प्रयोग कर सकते हैं।
3. बच्चे यदि तुक मिलाते हुए पाँच शब्द बता पाये तो पूरे अंक दिये जावें।
4. सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाकर धैर्यपूर्वक बच्चों का मूल्यांकन करें।

गतिविधि 3 – डांस, डांस, डांस

बच्चे को स्पष्ट निर्देश दें कि शिक्षक द्वारा बोले गए शब्द और वर्ण को ध्यानपूर्वक सुने। उस शब्द की पहली आवाज़ (ध्वनि) 'न' हो तो बच्चा **डांस, डांस, डांस** बोले और डांस करने का अभिनय करें। यदि उस 'शब्द' की पहली आवाज़ (ध्वनि) में 'न' की आवाज (ध्वनि) नहीं है तो शांत खड़ा रहे।

जैसेः–

शिक्षक – मकान (बोलता है)
बच्चा – डांस, डांस, डांस (डांस करने की अभिनय करता है।)

निर्देश –

1. शिक्षक इस गतिविधि में डांस के अभिनय की जगह, चुटकी बजाओ, ताली बजाओ, कदम ताल करने को कह सकते हैं।
2. शिक्षक स्थानीय भाषा के शब्दों का भी प्रयोग कर सकते हैं।
3. प्रत्येक बच्चे को 5 मिनट का समय दें।
4. शिक्षक सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाकर एवं धैर्यपूर्वक बच्चों का मूल्यांकन करें।